दैनिक भास्कर

# नकली ब्रांडेड सामान का भंडाफोड़:महाराजगंज में हार्पिक, चायपत्ती समेत कई कंपनियों के नकली उत्पाद जब्त




महाराजगंज के घुघुली थाना क्षेत्र के बल्लो खास गांव में पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की। एक गोदाम से नकली ब्रांडेड घरेलू सामान बरामद किया गया।

छापेमारी में हार्पिक, चायपत्ती, फेवीक्विक और सर्फ एक्सल जैसी नामी कंपनियों के नकली उत्पाद मिले। गोदाम से प्रिंटेड रैपर और पैकिंग सामग्री भी बरामद हुई। इससे स्पष्ट है कि यह गिरोह लंबे समय से नकली सामान बना रहा था।

पुलिस के अनुसार बरामद सामान की कीमत लाखों रुपये है। इन नकली उत्पादों की सप्लाई स्थानीय बाजारों के साथ पड़ोसी जिलों में की जाती थी। नेपाल तक इनकी सप्लाई की आशंका है। पुलिस ने माल को जब्त कर लिया है। गोदाम संचालक और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनकी मांग है कि ऐसे गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई हो। इससे आम उपभोक्ता ठगी का शिकार नहीं होंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

Source: [https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/maharajganj/news/fake-branded-goods-busted-135932447.html](https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/maharajganj/news/fake-branded-goods-busted-135932447.html)